# ग्राम पंचायत तंगरोटी खास, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176052 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

भाग–एक

**1. प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत तंगरोटी खास, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधानः–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री योगेश कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**सचिव :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अमित कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अजय कुमार | 01.04.2022 से 23.08.2022 |
| 2 | श्री रोहित कुमार डोगरा | 24.08.2022 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अनिता देवी | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

### (ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–

ग्राम पंचायत तंगरोटी खास के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:–

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 0.03 |
| 2 | 5.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 12.22 |
| 3 | 6.1 | सम्पत्ति कर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.62 |
| 4 | 6.2 | विवाह पंजीकरण शुल्क को सरकारी कोष में जमा न करवाना | 0.04 |
| 5 | 7.1 | निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 0.21 |
| 6 | 7.2 | खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान | 7.91 |
| 7 | 8.1 | निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु निर्माण सामग्री पेवर ब्लॉक्स के क्रय हेतु अनियमित भुगतान करना | 6.06 |
| 8 | 8.2 | निर्माण कार्यों के लिये सामग्री खरीद हेतु अधिक भुगतान करना | 0.08 |
| 9 | 8.3 | स्वः स्त्रोतों से प्राप्त आय को बैंक में जमा करवाये बिना सीधे खर्च करना | 0.25 |
| 10 | 10 | माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 6.95 |

### (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत तंगरोटी खास का गत अंकेक्षण अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 व 01/04/2018 से 31/03/2020 के लिये किया गया था, जिसके शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित है :–

## (1)अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 तक

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 5(1) | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 2. | 5(2) | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 3. | 5(3) | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 4. | 5(4) | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 5. | 6 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 6. | 10 | अनिर्णीत | -- |
| 7. | 11 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 8. | 12 | अनिर्णीत | -- |
| 9. | 13 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 10. | 14 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |

(2) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2018 से 31/03/2020 तक

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 2. | 4 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 3. | 5(1)(2) | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 4. | 6 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 5. | 7 | अनिर्णीत | — |
| 6. | 8 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 7. | 9 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 8. | 10 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 9. | 11 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 10. | 12 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 11. | 13 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 12. | 14 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 13. | 15 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |

## भाग—दो

### 2. वर्तमान अंकेक्षणः—

ग्राम पंचायत तंगरोटी खास के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 22.10.2024 से 29.10.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022—23 | 07/2022 | 11/2022 |
| 2023—24 | 09/2023 | 06/2023 |

**अस्वीकरण (Disclaimer)** :—वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**3. अंकेक्षण शुल्कः—**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600/— आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2024/513 दिनांक—29.10.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि काँगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक योलकैम्प के मल्टीसिटी चैक संख्या 546841 दिनांक12.11.2024 द्वारा निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को भेज दी गई है।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः—**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2024/495 दिनांकः—22.10.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट—1** में भी दिया गया हैः—

1.स्व—स्त्रोतः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 548492.53 | 309135.63 | 857628.16 | 349352.69 | 508275.47 |
| 2023-24 | 508275.47 | 488006.60 | 996282.07 | 551377.26 | 444904.81 |

2.अनुदानः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 1154837.28 | 4431670.55 | 5586507.83 | 4443093.72 | 1143414.11 |
| 2023-24 | 1143414.11 | 3837915.02 | 4981329.13 | 3759367.75 | 1221961.38 |

**कुल योग (1+2)** 444904.81+1221961.38 **=1666866.19**

**(ख) बैंक समाधान विवरणीः—**

दिनांक 31.03.2024 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अतंशेष ₹16,66,866.19/- तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि "**परिशिष्ट—3**" के अनुसार अन्तशेष ₹16,63,972.76/—से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः—

| | बैंक खातों की विवरणीः– | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | विवरण | बैंक | खाता | अन्त शेष (₹) |
| 1 | स्वःस्त्रोत / 5वां वित / एस.डी.आर.एफ | का•के•सह•बैंक योल | 20012008269 | 239496 |
| 2 | स्वःस्त्रोत / एस.डी. आर.एफ | पी•एन•बी योल | 6710000100037324 | 8117.88 |
| 3 | स्वःस्त्रोत | पी•एन•बी योल | 6710000100023455 | 42513.43 |
| 4 | स्वःस्त्रोत | का•के•सह•बैंक धर्मशाला | 20002132822 | 153923.50 |
| 5 | वी.के.वी.एन.वाई | पी•एन•बी योल | 6710000100038305 | 147993.93 |
| 6 | एस.डी.पी | पी•एन•बी योल | 6710000100031375 | 81711.90 |
| 7 | एस.डी.पी / एम.पी. लेड | पी•एन•बी योल | 6710000100024056 | 36452.59 |
| 8 | एम.एम.जी.पी.वाई | पी•एन•बी योल | 6710000100037333 | 9549.53 |
| 9 | 14वाँ वित्त | एच•डी.•एफ•सी.बैंक नगरोटा बंगबां | 50100178062562 | 0 |
| 10 | 15वाँ वित्त / पी.एस / जेड.पी | पी•एन•बी योल | 6710000100065424 | 943360 |
| | हस्तगत शेष (ऑनलाईन रोकड़ बही के अनुसार) | | | 854 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योगः– | | | | ₹1663972.76 |
| **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | | | | ₹1666866.19 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेषः– | | | | ₹1663972.76 |
| अन्तरः– | | | | ₹2893.43 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**4(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातो के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण राशि ₹0.03/– लाख का अन्तर पाया जाना :–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत तंगरोटी खास द्वारा हि• प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान वं भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना

में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹2893.43/- का अन्तर रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/497 दिनांकः–23.10.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–30 दिनांकः–29.10.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणो बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अंतर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करते हुये बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**(घ) स्कीम वाईज खाते न खोलने बारेः–**

निदेशक, पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक–15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है। ग्राम पंचायत तंगरोटी खास के बैंक खातो के अंकेक्षण में पाया गया कि, ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नहीं खोले गये थे, बल्कि अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वः स्त्रोत, 5वां वित, एस.डी.आर.एफ आदि शीर्षो के अन्तर्गत नियमों एवं निर्देशों के विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 20012008269 खोला गया था। जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है, जोकि नियमों के विपरीत है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त पैरा 4 (ख) पर दर्शाई बैंक खातों की विवरणी अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा स्वःस्त्रोत के चार खाते खोले गये थे, जोकि उपरोक्त निर्देशों व पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 की पूर्णतः अवहेलना है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/512 दिनांकः–29.10.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– 30 दिनांकः–29.10.2024 द्वारा दिया गया उत्तर कि स्कीम वाईज खातो का अनुसंधारण कर दिया जायेगा, प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः नियमानुसार रोकड़ बही का रख–रखाव न करने तथा स्कीम वाईज खातो का संचालन न करने व स्वः स्त्रोत के ही एक से अधिक खाते खोलने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार व समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों अनुसार ही रोकड़ बही एवं बैंक खातों का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## 5.1 अनुदान की राशि ₹12.22/– लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/495 दिनांकः–22.10.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹12,21,961.38/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| **क्र0सं0** | **अनुदान का नाम** | **दिनांक** | **राशि (₹)** |
|---|---|---|---|
| 1 | वी.के.वी.एन.वाई | 31.03.2024 | 147993.93 |
| 2 | एस.डी.पी | 31.03.2024 | 81711.90 |
| 3 | एस.डी.पी/एम.पी.लेड | 31.03.2024 | 36452.59 |
| 4 | एम.एम.जी.पी.वाई | 31.03.2024 | 9549.53 |
| 5 | 14वाँ वित्त | 31.03.2024 | 2893.43 |
| 6 | 15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 943360.00 |
| | | **कुल जोड** | **1221961.38** |

उपरोक्त तथ्य एवं आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने से यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/498 दिनांक–24.10.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–30 दिनांकः–29.10.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अनुपयोग अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**पंचायत राजस्व से प्राप्त आयः–**

**6.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹0.62/- लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणो के परादेय/अदत(Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2024/495 दिनांकः–22.10.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹61700**/– की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की इतनी अधिक राशि का पंचायत द्वारा बिना पर्याप्त कारणों के वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गंभीर नहीं है, यदि पंचायत राजस्व बकाया इसी तरह परादेय रहता रहा, तो किसी एक समय पर इसे वसूल कर पाना असम्भव हो जायेगा तथा सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/499 दिनांकः–24.10.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–30 दिनांकः–29.10.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को भी अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में भी इसकी नियमित वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 6.2 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.04/– लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः– 04.10.2016 के अंतर्गत विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070–60–108–01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/495 दिनांकः–22.10.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना व निम्न तालिका के अनुसार ग्राम पंचायत तंगरोटी खास द्वारा वर्ष 2023–24 के दौरान ₹3800 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई, परन्तु उसे सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया थाः–

| क्र0सं0 | वित्तीय स्थिति | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1 | 2023–24 | 3800 |

उक्त विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/499 दिनांकः–24.10.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत तंगरोटी खास के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–30 दिनांकः–29.10.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 7.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹0.21/– लाख के स्टॉक का क्रय करनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश, निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत तंगरोटी खास के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न विवरणानुसार ₹20739/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना

ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था:—

| क्र0सं0 व अनुदान | वा0सं0/ दिनांक | सामग्री का विवरण | बिल सं0/ दिनांक | आपूर्तिकर्ता | मात्रा | रेट | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.SF | 12/28.06.2023 | DSC Payment | 23-0294/ 31.05.2023 | M/s.Arthsankhya Edigital Private Ltd- NarwanaYol D/Shala | - | - | 3400 |
| 2.VKVNY | P/03/22.06.2023 | Marble JK Dharmeta ,Marble Patti ,Araldite Resin (Including GST) | 428/ 07.06.23 | M/s Kangra Trading Company Ghurkari Kangra | - | - | 13535 |
| 3.VKVNY | P/03/22.06.2023 | Marble JK Dharmeta (Including GST) | 450/ 12.06.23 | M/s Kangra Trading Company Ghurkari Kangra | - | - | 3804 |
| | | | | | **Total** | | **20739** |

उपरोक्त अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/504 दिनांकः—26.10.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—30 दिनांकः—29.10.2024 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामान क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए इसे सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 7.2 आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹7.91/— लाख का अनियमित भुगतान करने बारे:—

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81—ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो

से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा, परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/विक्रेताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हें केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा करवाने उपरान्त ही भुगतान किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/496 दिनांकः–22.10.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "6"** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि की आपूर्ति के वैध स्त्रोत के समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए थे। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹790596.95/– का अनियमित भुगतान किया गया एवं पूर्वोक्त नियम, प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते हैं।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/511 दिनांकः–28.10.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–30 दिनांकः–29.10.2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त व्यय वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्त किये बिना व जानकारी के अभाव में किया गया है, वर्तमान समय से उक्त फॉर्म प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया जा रहा है, प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया, क्योंकि उक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को नियमों के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानों को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो नियमानुसार समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा इन प्रकरणों को संबंधित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**नोटः–उपरोक्त व्यय अंकेक्षण अवधि 2022–23, 2023–24 के दौरान समस्त क्रय की गई खनन सामग्री से संबंधित है। अंकेक्षण केवल चयनित माह 11/2022 व 06/2023 के व्यय वाउचरों का ही किया गया।**

## 8.1 निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु निर्माण सामग्री पेवर ब्लॉक्स के क्रय हेतु ₹6.06/- लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः–

सचिव (RD&PR) हि0 प्र0 सरकार के पत्र संख्या No.PCH-HC(10) FFC-Misc-60819-978 दिनांक 13.11.2018 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण सामग्री के अंतर्गत

निम्न विवरणानुसार राशि ₹6,06,080 के पेवर ब्लॉक्स तथा टाइल्स का क्रय हि० प्र० सरकार के स्वीकृत माध्यम नियंत्रक भंडार के Rate Contract अथवा Gem Portel से अनुपलब्धता सुनिश्चित किए बिना ही खुले बाजार से निविदाये आमंत्रित करके किया गया था तथा न हीं ग्राम पंचायत द्वारा उक्त पत्र में वर्णित प्रावधान It will be mandatory for the concerned technical authority to give justification of the rates in the estimate.Before placing the supply order or awarding the work to lowest bidder justification of rates may be prepared and got approved from the one step up authority who has accorded Technical sanction. अनुसार निर्माण कार्यों हेतु अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई गई थी, परिणामस्वरूप अनियमित भुगतान किया गया, जोकि अनियमित तथा आपतिजनक है:—

| क्र० सं० | अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | मास | विवरण | मात्रा | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SDP | 02/05.11.2022 | 11/ 2022 | Minar Tiles from M/s N.S.Energies Sutrehar Nagrota Bagwan Bill No 1065 dt.-22.06.2022 | 3100 | 122450 |
| 2 | NREGA | Nil/18.11.2022 | 11/ 2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Riyanshi Enterprises Dodhamb ShahpurBill No 166 dt.-04.11.2022 | 6550 | 137550 |
| 3 | NREGA | Nil/18.11.2022 | 11/ 2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Riyanshi Enterprises Dodhamb ShahpurBill No 167 dt.-04.11.2022 | 1000 | 22000 |
| 4 | NREGA | Nil/18.11.2022 | 11/ 2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Riyanshi Enterprises Dodhamb ShahpurBill No 168 dt.-04.11.2022 | 4000 | 84000 |
| 5 | NREGA | Nil/18.11.2022 | 11/ 2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Riyanshi Enterprises Dodhamb ShahpurBill No 169 dt.-04.11.2022 | 3550 | 78100 |
| 6 | NREGA | Nil/18.11.2022 | 11/ 2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Riyanshi Enterprises Dodhamb ShahpurBill No 172 dt.-04.11.2022 | 4880 | 102480 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | NREGA | Nil/18.11.2022 | 11/ 2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Riyanshi Enterprises Dodhamb ShahpurBill No 173 dt.-04.11.2022 | 600 | 13200 |
| 8 | NREGA | Nil/18.11.2022 | 11/ 2022 | 40mm(Paver.Block)from M/s Riyanshi Enterprises Dodhamb ShahpurBill No 170 dt.-04.11.2022 | 2150 | 38700 |
| 9 | NREGA | Nil/18.11.2022 | 11/ 2022 | 40mm(Paver.Block)from M/s Riyanshi Enterprises Dodhamb ShahpurBill No 171 dt.-04.11.2022 | 400 | 7600 |
| | | | | | **योग** | **606080** |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/501 दिनांकः—25.10.2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय के पत्र संख्याः—30 दिनांकः—29.10.2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त अनियमित व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है। भविष्य में नियमानुसार ही सामग्री क्रय की जाएगी, प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए उक्त व्यय को उक्त पत्र में उल्लेखित सक्षम तकनीकी प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार ही पेवर ब्लॉक्स का क्रय करना सुनिश्चित करें।

## 8.2 मनरेगा अनुदान के अंतर्गत करवाये गए निर्माण कार्यो के लिये सामग्री खरीद हेतु ₹0.08/—लाख का अधिक भुगतान करना :-

**1.**निर्माण कार्य रास्ते में इंटरलॉक टाईल डालना पुली से लेकर चमन लाल के घर की ओर वार्ड—3 की रिकार्ड प्रविष्टियां का अवलोकन करने पर पाया गया निम्न तालिका के अनुसार माप पुस्तिका संख्या 0126 के पृष्ठ संख्या 35 में निर्माण सामग्री, पेवर ब्लॉक टाईल्स का माप पुस्तिका में निष्पादन कम किया दर्शाया गया था जबकि इस कार्य के लिये बिल संख्या 172 व 173 दिनांक 04.11.2022 के अनुसार निर्माण सामग्री पेवर ब्लॉक टाईल्स 5480 का क्रय किया गया था। परिणामस्वरूप मूल्यांकन की अपेक्षा सामग्री की अधिक खपत दर्शाने/जारी करने के कारण ₹6776 का अधिक भुगतान किया गया।

**2.**निर्माण कार्य रास्ते में ईंटरलॉक टाईल डालना मुख्य रास्तें से पुन्या देवी, जोगिन्द्र कुमार व देव राज के घर वार्ड—2 की रिकार्ड प्रविष्टियां का अवलोकन करने पर पाया गया निम्न तालिका के अनुसार माप पुस्तिका संख्या 0126 के पृष्ठ संख्या 68 व 69 में निर्माण सामग्री, सीमेंट का माप पुस्तिका में

निष्पादन कम किया दर्शाया गया था जबकि इस कार्य के लिये बिल संख्या 375122 दिनांक 09.09. 2024 के अनुसार निर्माण सामग्री सीमेंट 25 बैग का क्रय किया गया था। परिणामस्वरूप मूल्यांकन की अपेक्षा सामग्री की अधिक खपत दर्शाने/जारी करने के कारण ₹1227 का अधिक भुगतान किया गया।

| क्र0 सं0 | अनुदान | सामग्री | क्रय की गई सामग्री की मात्रा | निर्माण कार्यो पर उपयोग हुई सामग्री की मात्रा | अंतर | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नरेगा | पेवर ब्लॉक टाईल्स | 5480 | 5172 | 308 | 22 | 6776 |
| 2. | नरेगा | सीमेंट | 25 बैग | 22 बैग | 3 बैग | 409 | 1227 |
| | | | | | | कुल | 8003 |

**वास्तविक खपत योग्य सामग्री का विवरण :–**

1.Item-5 -Interlock Tiles(60mm)=156.72m2 X 33(Tiles Factor) =5171**.76 or say 5172Tiles**

**2.**Item-1 -P/L(1:4:8)=3.36m3X3.40(Cement. Factor) =11.42**Bags**

Item-3 -P/L(1:2:4)=1.66m3X6.40(Cement. Factor) **=10.62Bags**

**Total =22.04 or say 22Bags**

इन अनियमितताओं बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/510 दिनांकः–28.10.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–30 दिनांकः–29.10.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली संबंधित व्यक्ति से करने उपरान्त संबंधित खाते में जमा करवा दी जाएगी व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अधिक व अनियमित भुगतान/व्यय की गई राशि बारे नियमानुसार तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके संबंधित खाते में जमा करवाना सुनिश्चित की जाये व कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 8.3 सभा निधि में प्राप्त राशि ₹0.25/– लाख को बैंक में जमा न करवाने व सीधे खर्च करने बारेः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 4(2) के अनुसार पंचायत द्वारा आय में प्राप्त धन राशियों को सम्बन्धित बैंक खातों में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत तंगरोटी खास के लेखों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि स्वः–स्त्रोतो से वसूल की गई निम्न विवरणानुसार आय को बैंक में जमा न करवाकर इंटरनेट बिल/ब्रॉडबेण्ड, बिजली बिल, कार्यालय व्यय, ग्राम सभा व्यय व मानदेय पंचायत चौकीदार इत्यादि के लिये सीधे खर्च कर दिया गया था, जिससे कि पंचायत स्वः–स्त्रोतों व सरकारी कोष की आय के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। यह न केवल गम्भीर अनियमितता है बल्कि आपतिजनक भी है। इस गंभीर प्रकरण को अंकेक्षण के दौरान ही अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/512 दिनांकः 29/10/2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत तंगरोटी खास के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 30 दिनांक 29.10.2024 द्वारा दिया गया उतर कि वर्तमान समय से सीधे तौर पर खर्च न करके नियमानुसार ही व्यय किया जा रहा है। प्रस्तुत प्रत्युतर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त किये गए व्यय को नियमो के अनुरूप पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये तथा भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति न हो यह भी सुनिश्चित कर कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये । इसके अतिरिक्त स्वः स्त्रोतों से प्राप्त आय को बैंक में जमा करवाये बिना खर्च करने के फलस्वरूप होने वाले वित्तीय दुर्विनियोजन की सम्भावना के दृष्टिगत यह मामला उचित कार्यवाही हेतु विभागीय उच्चाधिकारियों के ध्यान में विशेष रूप से लाया जाता है:–

**आय का विवरणः–**

| वितीय वर्ष | वर्ष के दौरान प्राप्त आय (₹) | बैंक में जमा करवाई गई राशि (₹) | बैंक में कम जमा करवाई गई राशि (₹) | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 2022–23 | 16957 | निल | 16957 | गृह कर, विवाह शुल्क |
| 2023–24 | 7869 | निल | 7869 | गृह कर, विवाह शुल्क |
| **कुल योग** | **24826** | **निल** | **24826** | |

**व्यय का विवरणः–**

| क्र0सं0 | वाउचर सं0/ दिनांक | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | क्रय की गई सामग्री | व्यय राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 24/20.08.22 | 71 | ईंटरनेट बिल | 873 |
| 2 | 25/20.08.22 | 71 | कार्यालय व्यय | 1000 |
| 3 | 27/20.09.22 | 72 | ईंटरनेट बिल | 1019 |
| 4 | 35/25.10.22 | 74 | ईंटरनेट बिल | 1022 |
| 5 | 37/03.11.22 | 75 | ग्राम सभा जलपान | 1674 |
| 6 | 38/03.11.22 | 75 | ग्राम सभा जलपान | 1000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | 40/28.11.22 | 76 | कार्यालय व्यय | 900 |
| 8 | 41/29.11.22 | 77 | कार्यालय व्यय | 950 |
| 9 | 51/19.01.23 | 80 | ग्राम सभा जलपान | 990 |
| 10 | 54/28.01.23 | 81 | ईंटरनेट बिल | 1002 |
| 11 | 56/27.03.23 | 86 | ईंटरनेट बिल | 1022 |
| 12 | 57/31.03.23 | 86 | मानदेय पंचायत चौंकीदार | 3600 |
| 13 | 58/31.03.23 | 86 | बिजली बिल | 915 |
| 14 | 59/31.03.23 | 86 | स्टेशनरी | 990 |
| 15 | 26/21.09.23 | 21 | ईंटरनेट बिल | 1001 |
| 16 | 43/19.01.24 | 35 | बिजली बिल | 1245 |
| 17 | 45/19.01.24 | 35 | ईंटरनेट बिल | 1002 |
| 18 | 47/20.03.24 | 42 | ईंटरनेट बिल | 1021 |
| 19 | 48/31.03.24 | 44 | मानदेय पंचायत चौंकीदार | 3600 |
| | | | **कुल योग** | **24826** |

## 9 अग्रिम भुगतान राशि ₹2.15/– लाख समायोजन हेतु शेष पाया जानाः–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 30 के अनुसार पंचायत द्वारा फॉर्म–9 में अस्थाई अग्रिमों का रजिस्टर तैयार करने उपरान्त किंये गए अग्रिमों का वितीय वर्ष के अन्त में समायोजन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कॉरपोरेशन को सीमेंट के क्रय हेतु निम्न विवरणानुसार राशि ₹215161/– का अग्रिम प्रदान किया गया था, लेकिन 31.03.2024 तक उक्त राशि का समायोजन नहीं किया गया था :–

| क्र0सं0 | अनुदान | वाउचर/ दिनांक/बिल संख्या | आपूर्तिकर्ता | सामग्री | मात्रा | दर | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | निल/01.11. 2022/42903 | मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन खनियारा | सीमेंट बैग | – | – | 347 |
| 2 | मनरेगा | निल/01.11. | मै0 हिमाचल प्रदेश | सीमेंट | – | – | 26 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2022/42911, 42915 | राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन खनियारा | बैग | | | |
| 3 | मनरेगा | निल/01.11. 2022/42902 | मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन खनियारा | सीमेंट बैग | — | — | 62 |
| 4 | मनरेगा | निल/01.11. 2022/42916, 42922,42927 | मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन खनियारा | सीमेंट बैग | — | — | 268 |
